पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में अधिकारियों के साथ जनपद के विकास कार्यों तथा कानून–व्यवस्था की समीक्षा की

## कचहरी बस स्टेशन के पास नगर निगम के दुकानदारों को बड़ी राहत दी

## सड़क चौड़ीकरण से पहले प्रभावित दुकानदारों का दूसरी जगह व्यवस्थित पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए, ऐसा होने तक कोई भी दुकान न तोड़ी जाए : मुख्यमंत्री

## वरिष्ठ अधिकारी क्रियाशील परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें

## शहर में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग पर निरंतर ध्यान देने के निर्देश

**लखनऊ : 04 नवम्बर, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गोरखपुर में सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आए कचहरी बस स्टेशन के पास नगर निगम के दुकानदारों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री जी ने जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों से कहा है कि सड़क चौड़ी करने से पहले, प्रभावित होने वाले दुकानदारों का दूसरी जगह व्यवस्थित पुनर्वासन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसा होने तक सड़क चौड़ीकरण के लिए कोई भी दुकान न तोड़ी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने आज जनपद गोरखपुर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों तथा कानून–व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जनपद और शहर में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री जी ने गोरखपुर शहर में छात्रसंघ चौराहा से अम्बेडकर चौराहा होते हुए शास्त्री चौक तक सड़क चौड़ीकरण की परियोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारी प्रभावित दुकानदारों के लिए अच्छी जगह पर नई दुकान देने की व्यवस्था पर कार्य करें।

मुख्यमंत्री जी ने विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ ही परियोजनाओं में आने वाली अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन भी परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, वरिष्ठ अधिकारी नियमित तौर पर उसकी मॉनिटरिंग करें। शहर में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं। आमजन को जाम की समस्या से निजात मिलनी चाहिए। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग पर निरंतर ध्यान देने के निर्देश दिए।

——————